बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली -020:25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

# प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 'रिटेल बोनांजा- मानसून धमाका' ऑफर लॉन्च किया

**पुणे, 29 जुलाई, 2022:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने 1 अगस्त 2022 से '**रिटेल बोनांजा-मानसून धमाका**' ऑफर लॉन्च किया है। इस प्रस्ताव की लाँचिंग द्वारा बैंक ने अपनी महा सुपर आवास ऋण और महा सुपर कार ऋण योजनाओं के लिए संपूर्ण प्रोसेसिंग शुल्क पर छूट दी है।

श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि "हम अपने रिटेल ग्राहकों को अत्यंत आकर्षक मूल्यों का प्रस्ताव दे रहे हैं और 'रिटेल बोनान्ज़ा - मानसून धमाका' ऑफर हमारे ग्राहकों के लिए आइसिंग ऑन दी केक होगा जो उत्सव का आनंद लेने के लिए उन्हें अधिक बचत करने में सहायता करेगा।

श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने बताया कि "त्योहारों के इस मौसम के लिए मानसून धमाका ऑफर के साथ, हम अपने ग्राहकों को आवास और कार ऋण प्राप्त करने के लिए एक आकर्षक सौगात देना चाहते हैं, जिससे ग्राहक कम ब्याज दरों और प्रोसेसिंग शुल्क की छूट से लाभान्वित होंगे।"

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि "यह वास्तव में हमारी रिटेल संभावनाओं के संवर्धन के साथ ही हमारे ग्राहकों की खुशी में वृद्धि करेगा। इस मांग की पूर्ति से ग्राहक हर तरह से लाभान्वित होंगे और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सम्मानित ग्राहक इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएंगे।

त्योहारों के मौसम में उत्साह और खुशी भरने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र अपने रिटेल ग्राहकों के लिए कई विशेष ऑफ़र प्रस्तुत कर रहा है। बैंक क्रमशः 7.30% और 7.70% से शुरू होने वाली ब्याज दर के साथ आवास ऋण और कार ऋण प्रदान कर रहा है। रिटेल उत्पादों के साथ कई आकर्षक सुविधाओं का भी प्रस्ताव है जैसे आवास ऋण में नियमित पुनर्भुगतान पर तीन मुफ्त ईएमआई, कार और आवास ऋण में 90% तक की ऋण सुविधा, कोई पूर्व-भुगतान/ पूर्व-समापन/ आंशिक भुगतान प्रभार नहीं आदि।

बैंक रु.3 लाख तक शून्य प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 7.70% की आकर्षक ब्याज दर पर रु.25 लाख तक बाधारहित गोल्ड लोन की सुविधा भी दे रहा है। बैंक ने 15 मिनट के भीतर गोल्ड लोन की सुविधा के लिए अपनी विभिन्न शाखाओं में एक विशिष्ट काउंटर 'गोल्ड लोन पॉइंट' स्थापित किया है।